कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

E.mail Id- dharsiwacollege1989@gmail.com Web site- www. gpssc.in contact No. 9893119114

क्रमांक / / / 2021 दिनांक 17/05/2021

// सूचना //

कोविड – 19 के प्रोटोकॉल के परिप्रेक्ष्य में कलेकटर, रायपुर द्वारा जारी आदेश दिनांक 15.05.2021 एवं पूर्व जारी आदेशों के अनुपालन में महाविद्यालय में नियमित कक्षाओं का संचालन वर्तमान में स्थगति रखा गया है।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की अधिसूचना क्रमांक 903/परीक्षा/संशो./सेमे.परीक्षा/ दिनांक 07.05.2021, द्वारा प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार वार्षिक परीक्षा 2021 के विधिवत आयोजन हेतु नियमित/स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को कोविड–19 के प्रोटोकॉल के तहत अपने निवास स्थान से ही प्रश्नों के उत्तर तैयार कर उत्तर पुस्तिका महाविद्यालय में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश है।

वर्तमान में महाविद्यालय परिसर में स्थानीय प्रशासन द्वारा कोविड संक्रमित लोगों के लिए आईसोलेशन केन्द्र स्थापित किया गया है, जिसमें कोविड संक्रमित व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ हेतु रखा गया है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में यदि नियमित/स्वाध्यायी परीक्षार्थियों को कोरी उत्तर पुस्तिका के वितरण हेतु महाविद्यालय में उपस्थित होने से यहॉ अनावश्यक रूप से भीड इकट्ठा होगी जिससे कोविड संक्रमण के बढने की संभावना बढ जावेगी एवं परीक्षार्थियों के जीवन पर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, साथ ही जिलाधीश रायपुर द्वारा जारी अद्यतन दिशानिर्देशों का उल्लंघन भी होगा।

उक्त परिस्थितियों में महाविद्यालय प्रशासन, समस्त नियमित/स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के हित में यही अपील करता है कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा जारी दिशानिर्देशों के परिप्रेक्ष्य में नियमित/स्वाध्यायी परीक्षार्थियों अपने स्तर पर स्वयं ही उत्तर पुस्तिका हेतु रूल्ड पेपर/ए 4 साईज पेपर का प्रबंध करें एवं निर्देशानुसार प्रश्न–पत्र के उत्तर तैयार कर उत्तर पुस्तिका महाविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

नियमित/स्वाध्यायी परीक्षार्थियों उपर्युक्त व्यवस्था का पालन करें एवं कोविड संक्रमण को रोकने में महाविद्यालय प्रशासन को सहयोग करें।

(डॉ. श्रीमती विनोद शर्मा)
प्राचार्य
शास. पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवा रायपुर (छ.ग.)